# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली

## तृतीय आवधिक परीक्षा 2023-24

## कक्षा नवीं विषय-हिन्दी

**समय 90 मिनट।**
**पूर्णांक 40**

**निर्देश पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए**

**1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए (1x5)**

मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार-शक्ति। मनुष्य के पास बुधि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव-सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुधि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवी साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचार-शक्ति, जो उसे पशु बनने से रोकती है, उसका साथ देती है।

(क) मानव जाति को महत्त्व देने में किसका योगदान है?

(i) शारीरिक शक्ति का

(ii) परिश्रम और उत्साह का

(iii) विवेक और विचारों का

https://www.evidyarthi.in/

(iv) मानव सभ्यता का

(ख) विचारों की पूँजी में शामिल नहीं है

(i) उत्साह। (ii) विवेक। (iii) तर्क। (iv) बुधि

(ग) मानव में पाशविक प्रवृत्तियाँ क्यों जागृत होती हैं?

(i) हिंसाबुधि के कारण

(ii) असत्य बोलने के कारण

(iii) कुविचारों के कारण

(iv) स्वार्थ के कारण

(घ) "मनुष्य के पास बुधि है, विवेक है, तर्कशक्ति है' रचना की दृष्टि से उपर्युक्त वाक्य है

(i) सरल। (ii) संयुक्त। (iii) मिश्र। (iv) जटिल

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है

(i) मनुष्य का गुरु। (ii) विवेक शक्ति। (iii) दानवी शक्ति। (iv) पाशविक प्रवृत्ति

**2- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए - (1x5)**

जब बचपन तुम्हारी गोद मेंआने से कतराने लगे,

जब माँ की कोख से झांकती ज़िंदगी ,बाहर आने से घबराने लगे,

समझो कुछ ग़लत है।

जब तलवारें फूलों पर, ज़ोर आज़माने लगे,

जैन मासूम आँखों में, ख़ौफ़ नज़र आने लगे,

समझो कुछ ग़लत है।

https://www.evidyarthi.in/

जब किलकारियाँ सहम जाये, जब तोतली बोलियाँ ख़ामोश हो जाए,

समझो कुछ ग़लत है।

कुछ नहीं बहुत कुछ ग़लत है,क्योंकि ज़ोर से बारिश होनी चाहिए थी,

पूरी दुनिया में हर जगह टपकने चाहिए थे आंसू

रोना चाहिए था ऊपर वाले को, आसमाँ से फुट फुट,

शर्म से झुकनी चाहिए थी, इंसानी सभ्यता की गर्दने

शोक का नहीं सोच का वक्त है,मातम नहीं, सवालों का वक्त है

अगर इसके बाद भी सर उठाकर, खड़ा हो सकता है इंसान

समझो कि बहुत कुछ ग़लत है।

**1**. माँ की कोख से झाँकती ज़िंदगी को घबराहट क्यों हो सकती है-

क) उसे बाहर की असुरक्षा का आभास हो रहा है। ख) उसे प्रदूषण का डर सता रहा है

ग) उसे माँ ने बाहर की वास्तविकता बता दी है। घ) बाहर का वातावरण अनुकूल नहीं है

**2**. कविता में 'मासूम आँखे' की किस का प्रतीक है-

क) सुंदर आँखों का। ख) स्त्रियों का। ग) बच्चों का। घ) ग़रीबों का

**3**. कवि के अनुसार बहुत ग़लत कब है

क) जब ओस तलवार की नोक पर गिरे। ख) जब मासूम सहम जाए

ग) जब बचपन समाप्ति के कागर पर हो। घ) जब किलकारियों की गूँज ख़ामोश हो जाए

**4**. कुछ ग़लत नहीं है यदि-

https://www.evidyarthi.in/

क) भ्रूण हत्या होने लगे।     ख) बच्चों पर अत्याचार होने लगे  ग) बालश्रम बढ़ जाए।     घ) बचपन गोद में आने लगे

**5**. कवि के अनुसार अभी किसका वक्त है-

क) सोच-विचार का.            ख) शोक मानने का।     ग) मातम मनाने का.
घ) उत्सव मनाने का

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1×5=5 )**

**क**- प्रेमचंद का स्वभाव कैसा था?

ख - लेखिका उर्दू फारसी क्यों नहीं सीख पाई?

ग- लेखक के अनुसार लोग फोटो खिंचवाने के लिए क्या-क्या करते हैं?

घ- मेघों के आने पर प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन हुए?

ड- कवि ने गांव को हरता जन् मन क्यों कहा है ?

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2×2=4)**

क - .लेखिका की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही?

अथवा

.'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'-इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

ख - एकांकी के आधार पर रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

अथवा

शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की-समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है।तर्क सहित उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 5-निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए ।  ( 1×4=4)**

https://www.evidyarthi.in/

क- मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत बुलाए। यह उदाहरण है:

1. यमक अलंकार का 2. अनुप्रास अलंकार का 3. श्लेष अलंकार का 4. अतिशयोक्ति अलंकार का

ख- जहां किसी शब्द की आवृत्ति एक से अधिक बार हो परंतु हर बार उसका अर्थ भिन्न-भिन्न हो वहां ........... अलंकार होगा।

1. श्लेष अलंकार। 2. अतिशयोक्ति अलंकार। 3. अनुप्रास अलंकार। 4. यमक अलंकार

ग- उषा सुनहले तीर बरसती, जय लक्ष्मी-सी उदित हुई। पंक्ति में अलंकार है।

1. रूपक 2.उपमा। 3.अतिशयोक्ति। 4.मानवीकरण

घ- उदित उदयगिरि मंच पर रघुवर बाल-पतंग । पंक्ति में अलंकार है।

1.उपमा। 2. उत्प्रेक्षा। 3.रूपक। 4. भ्रांतिमान ।

**प्रश्न 6-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1×5=5)**

क- छलिया, पठनीय और कहानी में कौन सा प्रत्यय निहित है?

1. इया, ईय, आनी। 2.इत, ल, आवट। 3. इला, वाला, ईला। 4. ईला, वाला,इक

ख- लौकिक' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

1.लोइक। 2. किक। 3. अक। 4. इक

ग- अध्यक्ष' और 'अधिष्ठता' उपसर्ग बताइए —

1. अति। 2.अध। 3.अधि। 4.प्रति

घ- जिनमे कोई पद प्रधान नही होता तथा अन्य अर्थ प्रधान होते है, वहा कौन सा समास होता है —

1.बहुव्रीहि समास। 2.अव्ययीभाव समास। 3.कर्मधारय समास। 4. तत्पुरुष समास

https://www.evidyarthi.in/

ड- जलमगन' शब्द में कौन सा समास होगा —

1.कर्मधारय समास। 2.अव्ययीभाव समास। 3.बहुव्रीहि समास। 4.तत्पुरुष समास

प्रश्न 7-. निम्नलिखित दो विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए - (1×4=4)

(क)वर्षा- जल संचयन

संकेत बिंदु - 1.वर्षा जल संरक्षण का अर्थ 2.जलचक्र क्या है 3.जल समस्या। 4.हल

(ख) कंप्यूटर-आज की आवश्यकता

संकेत बिंदु- 1.कंप्यूटर एक विचित्र उपकरण 2.बढ़ता उपयोग 3.इंटरनेट और कंप्यूटर। 4. प्रयोग की सावधानियाँ

प्रश्न 8- अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अपने जिला स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखें।(1×4=4)

अथवा

विद्यालय में प्रथम स्थान में उत्तीर्ण होने पर अपने छोटे भाई को एक बधाई-पत्र लिखें।

प्रश्न 9- आपका मित्र कक्षा नवम् में प्रथम आया है। उसे बधाई देते हुए एक संवाद की रचना करें । (1×4=4)

अथवा

विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के लिए प्रधानाचार्य को ईमेल लिखिए।

https://www.evidyarthi.in/